''नवोन्मेष'' 2018

एस. एस खन्ना महिला महाविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण परिषद द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं के स्वागत हेतु **''नवोन्मेष''** 2018 कार्यक्रम आज दिनांक **08.09.2018** को **द पाठशाला ऑडिटोरियम** में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस क्रम में आकृति सिंह ने **''सिलसिला ये चाहत का...... .''** गीत पर खुबसूरत नृत्य से समा बांध दिया। तत्पश्चात छात्राओं ने **'' मनवा लागे ना....''** गीत पर ग्रुप डांस के अतिरिक्त अन्य गीतों पर मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मिस फ्रेशर का भी आयोजन हुआ, जिसमें सभी संकायों की छात्राओं ने प्रतिभागिता किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अल्पना अग्रवाल, डॉ. शुभ्रा मालवीया, डॉ. शिखा अग्रवाल शामिल थीं। मिश फ्रेशर शबी फातिमा चुनी गयीं। द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः स्मित सालूजा, नमरा उस्मानी चुनी गयी। मिश फ्रेशर के चुनाव की घोषणा प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह ने करते हुए छात्राओं को शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम की अतिथि प्रो. रंजना कक्कड़ ने मिश फ्रेशर चुनी गयी छात्राओं को शैस और क्राउन पहनाया। इस अवसर अपने उद्‌बोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए छात्राओं को बधाई देते हुए जीवन में आगे बढ़ने हेतु अभिप्रेरित किया। न्यायमूर्ति श्री अरूण टंडन ने छात्राओं को अनुशासन में रहने की शिक्षा देते हुए अपना आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम की संयोजक और डीन, विद्यार्थी कल्याण परिषद डॉ. रचना आनंद गौड़ ने छात्राओं और अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कोमल केसरी, जोया नाज़ तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीरजा सचदेव ने किया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री अरूण टंडन, प्रो. रंजना कक्कड़, प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह, श्री दिलीप मेहरोत्रा, सहित समस्त अध्यापकगण तथा छात्राऐं उपस्थित थीं।